त्वचा के कैंसर के बारे में आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम से पूछने के लिए प्रश्न

Questions to Ask Your Health Care Team About Skin Cancer – Hindi

कैंसर होने के बारे में सोचना या यह बताया जाना कि आपको कैंसर है, डरावना हो सकता है। अधिकतर लोगों के पास बहुत से प्रश्न होते हैं लेकिन शायद वे इस बारे में निश्चित न हों कि ये किससे पूछने हैं। यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जो शायद आप अपने डॉक्टर या नर्स से त्वचा के कैंसर के बारे में पूछ सकते हैं। ये सभी प्रश्न आप पर लागू नहीं होंगे, लेकिन वे शुरूआत करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

आपके त्वचा के कैंसर के जोखिम के बारे में पूछने के लिए प्रश्न

- त्वचा के कैंसर के लिए जोखिम के कारक क्या हैं?
- क्या कोई जोखिम के ऐसे कारक हैं जिनके बारे में मुझे चिंतित होना चाहिए?
- अपने त्वचा के कैंसर के जोखिम को कम करने में मैं क्या कर सकता/सकती हूं?
- आप कौन सी सनस्क्रीन और धूप से सुरक्षा के और किन उत्पादों की सिफारिश करते हैं?
- मैं घर पर त्वचा की जाँच कैसे करूँ? और मुझे यह कितनी-कितनी देर बाद करनी चाहिए?
- त्वचा की जाँच करते समय मुझे क्या देखना चाहिए?
- अगर मुझे अपनी त्वचा पर कुछ नया या बदला हुआ लगता है तो मुझे क्या करना चाहिए?
- आपको अपनी त्वचा की कितनी-कितनी देर बाद जांच करने की ज़रुरत है?

यदि पता लगता है कि आपको त्वचा के कैंसर है तो पूछने के लिए प्रश्न

- क्या आप कृपया त्वचा के कैंसर का सटीक प्रकार लिखेंगे जो मुझे है?
- क्या हमें इस कैंसर के बारे में जल्दी पता लग गया था?
- क्या कैंसर त्वचा में गहरा चला गया है या फैल गया है?
- क्या आप जानते हैं कि यह कैंसर किस चरण में हैं?
- यदि नहीं, तो आप कैंसर के चरण का कैसे और कब पता लगाएंगे?
- क्या आप मुझे समझाएंगे कि चरण का क्या मतलब होता है?
- इसके बाद क्या होगा?

उपचार के बारे में निर्णय लेते समय पूछे जाने वाले प्रश्न

- क्या उपचार के बारे में निर्णय लेने से पहले हमें किसी अन्य परीक्षण की ज़रूरत होगी?
- क्या मुझे किसी अन्य डॉक्टर से मिलने की ज़रूरत है?
- आपके विचार से कौन सा उपचार मेरे लिए सबसे अच्छा है?
- इस इलाज का लक्ष्य क्या है? क्या आपको लगता है कि यह कैंसर को ठीक कर सकता है?
- इलाज कैसा होगा? यह कहाँ किया जाएगा? इसमें कितना समय लगेगा?
- मेरे इलाज में कितना खर्च आएगा? क्या मेरा बीमा इसे कवर करेगा?
- अगर किसी अन्य उपचार के बिना कैंसर को हटा दिया जाए क्या मैं ठीक हो जाऊंगा/जाऊंगी?
- इन उपचारों से मुझे क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?
- क्या मेरे शरीर कोई निशान रहेगा? यह कैसा दिखाई देगा?
- क्या कोई नैदानिक परीक्षण है जो शायद मेरे लिए सही हो सकता है?
- उन विशेष विटामिनों या आहार के बारे क्या विचार है जिनका दोस्त मुझे सुझाव देते हैं? मुझे कैसे पता चलेगा कि वे सुरक्षित हैं?
- मुझे कितनी जल्दी उपचार शुरू करने की ज़रूरत है?
- उपचार के लिए तैयार होने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?
- क्या कुछ ऐसा है जो मैं इसमें मदद करने के लिए कर सकता/सकती हूं कि उपचार बेहतर ढंग से काम करे?
- अगला कदम क्या है?

आपका उपचार करने के बाद पूछने के लिए प्रश्न

- त्वचा के कैंसर के वापस आने की क्या संभावनाएं हैं? अगर ऐसा होता है तो हम क्या करेंगे?
- मुझे फिर से त्वचा का कैंसर होने की क्या संभावना है? मुझे क्या ध्यान रखना चाहिए?
- क्या मुझे विशेष सावधानियाँ बरतनी चाहिए? मुझे वे कैसे करना चाहिए?
- आप कौन सी सनस्क्रीनों की सिफारिश करते हैं?
- क्या मेरे परिवार के सदस्यों को त्वचा कैंसर का जोखिम है? मुझे उन्हें क्या करने के लिए कहना चाहिए?
- अन्य त्वचा के कैंसरों का ध्यान रखने के लिए मुझे कितनी-कितनी देर बाद जाँच करवानी चाहिए?
- क्या मुझे अन्य फॉलो-अप परीक्षणों की ज़रूरत होगी, और मुझे वे कब-कब करवाने की ज़रूरत होगी?

अधिक जानकारी के लिए, **cancer.org/skincancer** पर जाएं
या **1-800-227-2345** पर हमारी 24/7 हेल्पलाइन को कॉल करें।

American Cancer Society®

cancer.org | 1.800.227.2345

©2021, American Cancer Society, Inc.
नंबर 080799
मॉडलों का प्र्योग केवल वर्गीकरण उद्द्देश्यों के लिए ही किया गया है।

BBB. ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity